हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 16 जुलाई 2025

06 सोयाबीन फसलों में सफेद लट का प्रकोप



07 बरसाती पानी की निकासी के लिए बनानी पड़ी...





## खबर संक्षेप

### पत्रकार जोशी को मातृशोक

**नर्मदापुरम।** अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि पत्रकार साथी पीतांबर जोशी की पूज्य माता फूलवती जोशी का दुखद निधन हो गया है।



माताश्री की अंतिम यात्रा शाम 4 बजे हाउसिंग बोर्ड स्थित निज निवास से राजघाट मुक्तिधाम तक निकाली गई।

### भागवत कथा आज से होगी प्रारंभ

**इटारसी।** अखिल भारतीय श्री सीतारामाचार्य भागवत गोष्ठी न्यास के द्वारा देश के प्रसिद्ध ओर ख्यातिप्राप्त श्री श्री 1008 युवराज स्वामी रामकृष्णाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से आज 16 जुलाई से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आज से शुभारंभ होगा। सूरजगंज स्थित सरला मंगल भवन में दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के मुख्य यजमान मनोरमा देवी गुप्ता एवं परिवार रहेंगे।



## जिपं सीईओ सहित अपर कलेक्टर ने 80 आवेदनों का किया निराकरण

# जन समस्याओं को हल करने कलेक्ट्रेट में किया गया जनसुनवाई का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर डी के सिंह ने 80 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया।

इसी प्रकार मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 80 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत एवं अपर कलेक्टर डीके सिंह ने आवेदनकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न ग्रामों और क्षेत्रों के नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों की समीक्षा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया।

जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी विकासखण्डों में नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें 80 आवेदनों पर सुनवाई की गई।



### योजना के लाभ से वंचित महिला ने किया आवेदन

जनसुनवाई में समग्र आईडी में नाम न होने के कारण जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना के लाभ से वंचित महिला शिखा यादव को जनसुनवाई के दौरान अपनी समस्या का त्वरित समाधान मिला। दिव्यांशु द्वारा जनसुनवाई के दौरान दिए आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रभारी अधिकारी बबीता राठौर ने समग्र आईडी में आ रही तकनीकी समस्या का प्रदेश स्तर से सुधार करवा कर पोर्टल पर समग्र आईडी का इंद्राज किया गया।

### विभिन्न समस्याओं के लिए सौंपे आवेदन

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न ग्रामों और क्षेत्रों के नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों की समीक्षा कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान इसी प्रकार पिपरिया निवासी मीराबाई मेहरा ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय किस्त पिछले दो वर्षों से नहीं मिली है, जिसके कारण उनके मकान का कार्य अधूरा है एवं वह किराए के मकान में रहने को विवश है सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा पिपरिया सीईओ को निर्देश दिये कि शीघ्र ही किश्त वितरण में आ रही समस्या का समाधान कर जानकारी प्रस्तुत करें। जनसुनवाई के दौरान रामनगर तहसील इटारसी निवासी शुभम मिश्रा द्वारा मेहरा-गांव स्थित कृषि भूमि का नामांतरण नही होने की समस्या से अधिकरियो को अवगत कराया जिस पर संज्ञान लेते हुए सीईओ श्री रावत द्वारा नामांतरण के लिए आवश्कय कार्यवाही करनें के निर्देश तहसीलदार इटारसी को दिए।

### दबंगों का अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

दबंगो द्वारा अतिक्रमण कर कब्ज़ा हटाये जाने की समस्या का समाधान करते हुए श्री रावत ने तहसीलदार माखन नगर को वीसी के माध्यम से स्थल निरीक्षण कर तत्काल अतिक्रमण हटाने की निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त अन्य आवेदनों का भी सीईओ श्री रावत ने समाधान किया। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर डी के सिंह, संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# इटारसी के प्राथमिक शाला भवन पर चलाई जेसीबी

## चिन्हित जीर्ण-शीर्ण भवनों को हटाने की कार्रवाई जारी



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा नगर क्षेत्र में चिन्हित जीर्ण-शीर्ण भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई निरंतर जारी है। जिससे नगरीय क्षेत्रों में दुर्घटनाओं की संभावनाओं को रोका जा सके। नगरीय क्षेत्र इटारसी स्थित सिंधी प्राथमिक शाला के जर्जर भवन को तोड़ा गया तथा अन्य चिन्हित जीर्ण-शीर्ण भवनों को भी नियमानुसार हटाया गया। संपूर्ण कार्रवाई नगर पालिका परिषद इटारसी के अमले द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी इटारसी टी. प्रतिक राव, तहसीलदार शक्ति तोमर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी इटारसी रितु मेहरा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर मीना द्वारा गत दिवस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में स्थित जर्जर भवनों में जीर्ण-शीर्ण घोषित किये गये भवनों का चिन्हांकन कर समयबद्ध कार्रवाई की जाए।

### स्वरोजगार के लिए कोलेटरल फ्री लोन की सुविधा

**नर्मदापुरम।** प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये मध्यप्रदेश शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की गई है। युवाओं को स्वयं का उद्योग सेवा, व्यवसाय उद्यम स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री लोन प्राप्त किये जाने हेतु परियोजना लागत राशि 50 हजार से प्राप्त की जा सकती है।

## संयुक्त संचालक ने संदीपनी विद्यालय का निरीक्षण किया



**हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर**

माखन नगर मंगलवार को संयुक्त संचालक नर्मदापुरम मनीष वर्मा द्वारा संभागीय क्रीड़ा अधिकारी गजेंद्र सुराजिया एवं सुदीप गौर के साथ शासकीय सांदीपनि विद्यालय माखन नगर का निरीक्षण किया गया। श्री वर्मा नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया संयुक्त संचालक ने प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों एवं शिक्षकों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के समय शाला प्रभारी सपना गौर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन संपन्न, 53 मरीजों ने कराई जांच, भोपाल में होगा आपरेशन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर**

सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को जिला अंधत्व निवारण समिति नर्मदापुरम व चिरायु मेडिकल हॉस्पिटल भोपाल द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आए 53 मरीजों की जांच डॉ. भावना यादव के नेतृत्व में भोपाल से आए विशेषज्ञों ने की। जांच के बाद 30 मरीजों को ऑपरेशन के लिये चयनित किया गया। जिन्हें बस से भोपाल ले जाया गया है। मरीजों के ऑपरेशन के बाद उन्हें वापस



सोहागपुर भेजा जाएगा। मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन पूर्णतः निशुल्क किए जाएंगे। शिविर सोहागपुर सीबीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर संचालन में नेत्र चिकित्सा सहायक सोहागपुर अशोक कुमार शाक्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## शहर की सड़कों पर गोवंश बैठने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

सड़कों पर गौवंश के बैठे रहने से वाहन दुर्घटनाओं की संभावनाओं एवं गौवंश की मृत्यु को रोके जाने के संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ, नगर पालिका निगम, समस्त एसडीएम, एनएचएआई, एमपीआरडीसी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने



क्षेत्रों में पशुपालक एवं ग्रामीण जनों को जागरूक करें कि वे अपने गौवंश को सड़कों पर न बैठने दें।

कलेक्टर ने कहा कि पशुपालकों एवं प्रशासन के समन्वित प्रयास से जनहानि के साथ-साथ पशुहानि को भी प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो पशुपालक गौवंश को सड़कों पर विचरण के लिए छोड़ देते हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्य मार्गों के समीप स्थित ग्राम पंचायतों द्वारा अस्थाई चौकीदारों की व्यवस्था की जाए ताकि निराश्रित पशुओं को सड़क पर बैठने से रोका जा सके एवं समीपस्थ गौशालाओं अथवा अस्थाई आश्रय स्थलों में उन्हें भेजा जा सके। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग को भी गौवंश में रोगों की रोकथाम हेतु टीकाकरण कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## नपाध्यक्ष ने प्रारंभ कराया सड़क निर्माण कार्य वार्ड के रहवासियों को मिली सड़क की सौगात

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

नगरपालिका परिषद द्वारा नगर में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं जिसमें नाली निर्माण, सड़क निर्माण, पेवर ब्लाक्स, सड़क का डामरीकरण किया जा रहा है। विकास गाथा को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को वार्ड नंबर 10 के पार्षद दौलत राम यादव के वार्ड में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड की महत्वपूर्ण दो सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया।

साथ ही इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण और समय पर कार्य पूर्ण करने के



निर्देश दिए गए। नागरिकों ने कहा कि इस सड़क की मांग काफी लंबे समय से चली आ रही थी। यह मांग आज पूरी हो गई है। सड़क की सौगात देने पर स्थानीय नागरिकों ने नपाध्यक्ष का आभार माना।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद दौलतराम यादव, वार्डवासी सुनील वर्मा, पूर्व पार्षद तेजकुमार गौर सहित वार्ड की महिलाएं पुरूष उपस्थित रहे। कार्य प्रभारी उपयंत्री अंबक पाराशर ने बताया कि वार्ड में गौर कालोनी में एक सड़क 90 मीटर की और दूसरी सड़क 22 मीटर की बनाई जा रही है। निर्माण एजेंसी को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जगद्गुरु वेदांती महाराज का नगर में आगमन आज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

रामानंदाचार्य के पद पर अभिसिक्त होने के बाद जगद्गुरु राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज का बुधवार को प्रथम बार नगरगमन हो रहा है। इस सम्बन्ध में उनके शिष्य सद्भाव तिवारी ने बताया कि गुरुदेव प्रातः 10 बजे नगर में आयेंगे। वे सबसे पहले सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह के आवास पर जाएंगे। वहां उनका पूजन वंदन होगा। उसके बाद वे कलेक्टर बंगला से सामने स्थित उनके आवास पर पधारेंगे। जहां विप्रों ने मंगलाचरण के साथ उनका पूजन किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि गुरुदेव को हाल ही में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में स्वामी रामभद्राचार्य जी द्वारा जगद्गुरु रामानंदाचार्य की पदवी से विभूषित किया। यह सनातन की सर्वोच्च पदवी होती है। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से पधारने की अपील की है। इसके बाद गुरुजी माखन नगर के समीप स्थित काजलखेड़ी गांव जाएंगे।

## 'नशे से दूरी है जरूरी' युवाओं को नशे से बचाने 30 तक चलेगा जनजागरुकता अभियान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

मध्यप्रदेश पुलिस ने मंगलवार से नशे से दूरी है जरूरी शीर्षक से जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की। 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से बचाना तथा नशे की लत से मुक्त कराना है।

एसपी डॉ. गुरकरन सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में नशामुक्ति अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि नशे की लत बच्चों और युवाओं को बर्बाद कर देती है। उन्होंने बच्चों से नशे से दूर रहकर पढ़ाई पर ध्यान देने और अपने भविष्य की दिशा तय करने का



आह्वान किया। इस दौरान डीएसपी मोहन सारवान, साइबर सेल प्रभारी प्रवीण चौहान मौजूद रहे।

### जागरुकता अभियान चलाया जाएगा

एसपी ने बताया कि सावन माह में पचमढ़ी में आयोजित होने वाले नागद्वारी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। मेले में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं और युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। नशामुक्ति अभियान के पहले दिन पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर पंपलेट वितरण, पोस्टर प्रदर्शन और संवाद सत्रों का आयोजन कर लोगों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराया।

## न्यायालय के आदेशों का पालन कराने निकाला फ्लैग मार्च



**हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी**

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन अनधिकृत निर्माण एवं अतिक्रमण को रोकने हेतु एवं छावनी परिषद की आम जनता को न्यायालय के आदेश का पालन करवाने का अनुरोध करते हुए फ्लैग में मार्च निकाला गया।

अगवाई राहुल गजभिए मुख्य अधिशाषी अधिकारी द्वारा की गई एवं यह संदेश दिया गया की छावनी क्षेत्र में उच्च न्यायालय के आदेशों का पालनपुर किया जाए अन्यथा माननीय उच्च न्यायालय की आदेशों की अव्हेलना करने वाले व्यक्तियों पर एवं अनधिकृत निर्माण पर परिषद द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान छावनी परिषद के कार्यालय अधीक्षक लवकेश साहू, कर निरीक्षक नितिन श्रीवास, अभ्युदय अग्रवाल गणेश पठाडे, विजय हरवंशी आदि मौजूद रहे।

### किसान 31 जुलाई तक करा सकेंगे फसल बीमा

**नर्मदापुरम।** फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान जोखिमों की भरपाई हेतु भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित है, जिसमें ऋणी तथा अऋणी दोनो ही प्रकार के किसान भाई अपनी अधिसूचित फसलों का अधिसूचित क्षेत्र हेतु बीमा करा सकते है। किसान भाई इस वर्ष बोई गई खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई 2025 तक संबंधित बैंको/समितियों के माध्यम से करा सकते है। जिले की प्रमुख खरीफ फसल धान सिंचित हेतु 945 रूपये प्रति हेक्टर, धान असिंचित हेतु 651 रू प्रति हेक्टर, सोयाबीन-766 रू प्रति हेक्टर, मक्का-693 रू प्रति हेक्टर, तुअर हेतु 716 रूपये प्रति हेक्टर की बीमा प्रीमियम राशि निर्धारित है। किसान भाई उक्तानुसार बीमा प्रीमियम राशि का भुगतान कर फसल बीमा योजना आने वाले जोखिम की भरपाई कर सकते है।

## समेरिटन्स और स्प्रिंगडेल्स के विद्यार्थियों का किया गया चयन, दी जाएगी ट्रैनिंग

# स्कूलों में एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रकिया हुई शुरू

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम**

स्प्रिंडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 13 एमपी बटालियन एनसीसी बॉयज कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया हुई। इस प्रक्रिया में विद्यालय के 45 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से 25 बच्चों का चयन किया गया। शारीरिक व अन्य क्षमताओं के आधार पर चयनित इन कैडेट्स को विद्यालय के एनसीसी दल में प्रवेश देकर सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससे वे अपने कौशल और नेतृत्व क्षमता का विकास कर सकें। एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सामुदायिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। 13 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी अमरदीप चटवाल सर के निर्देशानुसार सूबेदार मेजर जीबी सिंह के मार्गदर्शन में नायब सूबेदार महावीर सिंह, हवलदार नरेश कुमार और हवलदार अर्जुन सिंह एवं स्कूल एनसीसी अधिकारी शेख कमर द्वारा भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न कराई। चयनित कैडेट्स को संस्था डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी एवं प्राचार्य मोना चटर्जी ने बधाई दी एवं कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने तथा आरडीसी परेड तक जाने के लिए कैडेट्स को शुभकामनाएं दीं।



### समेरिटंस में जूनियर डिविजन एनसीसी कैडेट्स भर्ती

13 मध्यप्रदेश बटालियन के कमान अधिकारी के निर्देशानुसार एवं सूबेदार मेजर जीवी सिंह के मार्गदर्शन में समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल में मंगलवार को जूनियर डिविजन के एनसीसी कैडेट्स की भर्ती हुई। इसमें विद्यालय के 68 बच्चों ने भाग लिया। भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत करते हुए प्राचार्य प्रेरणा रावत ने उपस्थित सभी बच्चों को एनसीसी की जानकारी दी। भर्ती प्रक्रिया में 25 कैडेट्स का सिलेक्शन हुआ। एनसीसी अधिकारी सेकंड अफसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, नायब सूबेदार रामवतार सिंह, हवलदार सचिन कुमार, हवलदार हरफूल सिंह, एनसीसी ऑफिसर स्नेहा उपाध्याय, संस्था के खेल अधिकारी सचिन खंपरिया ने मिलकर पूर्ण कराया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान संस्था निर्देशक डा आशुतोष कुमार शर्मा, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार याद्व उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

## 26वें वर्ष में पाक बार्डर पहुंचेगा राष्ट्र रक्षा मिशन

**बैतूल।** कारगिल विजय के बाद बैतूल की धरा से शुरु हुई सैनिकों की हौसला अफजाई की परम्परा अनवरत जारी है। चाहे भूकंप आए हो या भूस्खलन हुआ हो, चाहे आंदोलन की वजह से कर्फ्यू लगा हो या फिर ट्रेन ही रद्द क्यों न हुई हो, लेकिन बैतूल की बेटियों ने कभी भी अपने कदम पीछे नहीं लिए। हर वर्ष बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति का राष्ट्र रक्षा मिशन रक्षाबंधन का पर्व देश की फ्रंट लाईन पर खड़े योद्धाओं के साथ मनाता रहा है। रजत जयंती वर्ष में समिति ने बैतूल से बस से भारत पाक सीमा बाड़मेर पहुंचकर इतिहास रचा था। दो महीने पहले ही पूरे देश ने ऑपरेशन सिंदूर में देश की तीनों सेनाओं का शौर्य और पराक्रम देखा इसी से उत्साहित बैतूल की बेटियां पाकिस्तान बार्डर पर तैनात जवानों के साथ रक्षा बंधन का पर्व मनाएंगी। समिति का 30 सदस्यीय दल इस वर्ष भारत पाक सीमा पर पहुंचकर सीमा सुरक्षा बल के सैकड़ों जवानों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त करेगा। बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति की संस्थापक गौरी बालापुरे पदम ने बताया कि पिछले ढाई दशक में बैतूल की राखियां लेकर यहां की बेटियां देश की चातुर्दिक सीमाओं पर पहुंची है। 25 वर्षों की लम्बी यात्रा में बैतूल के जनप्रतिनधियों, सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों एवं अन्य लोगों ने सहयोग एवं प्रोत्साहन दिया है। इस वर्ष 9 एवं 10 अगस्त को रक्षा बंधन का पर्व भारत पाक सीमा पर मनाने को लेकर तैयारियां शुरु हो गई है। श्रीमती पदम ने बताया कि जिन सरहदों पर संस्था का दल पूर्व में रक्षाबंधन मना चुका है वहां राखियां पोस्ट के माध्यम से पहुंचेगी।

### कहीं दरवाजे टूटे, तो कहीं आंचल कक्ष में रखा है कबाड़ का सामान

# 9 साल पहले तत्कालीन मंत्री के निर्देश पर बने आंचल कक्ष बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



महिलाएं अपने बच्चों को स्तनपान करवा सकें, इसके लिए आंचल कक्ष बनाये गये थे। लेकिन महिलाओं की सुविधा के लिए बनाए गए आंचल कक्षों की स्थिति सही न होने से महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल 9 साल पहले प्रदेश की तत्कालीन महिला व बाल विकास मंत्री अर्चना चिटनीस के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुरक्षित मातृत्व एवं सार्वजनिक स्थल पर महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, वन स्टाप सेंटर सहित मुलताई के बस स्टैंड पर आंचल कक्ष बनवाए थे। विभाग ने एक आंचल कक्ष को बनाने में 8 से 10 हजार रुपए खर्च किए थे। लेकिन देखरेख के अभाव में अब यह आंचल कक्ष पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो गये है। आंचल कक्ष का बोर्ड नदारद है। दरवाजा टूट गया है। महिलाएं इसमें जाने में भी संकोच करती हैं। अंदर आसपास के दुकानदारों का सामान रखा हुआ है। जिसकी वजह से बच्चों को स्तनपान कराने में महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बदहाली के लिए विभागीय अनदेखी बड़ा कारण

महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुरक्षित मातृत्व एवं महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए सार्वजनिक स्थल पर आंचल कक्ष बनाये थे। लेकिन यह आंचल कक्ष विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ गए हैं। हालात यह है कि अधिकांश आंचल कक्ष अब खत्म हो गए हैं और जो बचे हैं, वहां पर कबाड़ और दुकान का सामान भरा पड़ा है। ऐसे में महिलाओं को बच्चों को स्तनपान करवाने के लिए महफूज जगह की तलाश करना पड़ता है। बता दे कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुरक्षित मातृत्व एवं सार्वजनिक स्थल पर महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, वन स्टाप सेंटर सहित मुलताई के बस स्टैंड पर आंचल कक्ष बनवाए थे।

### कहीं दरवाजे टूटे, तो कहीं कक्ष में रखा है सामान

जिला मुख्यालय पर सार्वजनिक स्थानों पर आंचल कक्ष बनाये गये थे। लेकिन इन आंचल कक्षों की हालत अब बदतर हो गई है। बस स्टैंड पर बना आंचल कक्ष का दरवाजा टूटा है, अंदर दुकान का सामान भरा पड़ा है। बोर्ड भी नदारद है। इससे महिलाओं को आंचल कक्ष की जानकारी नहीं होने से वे बच्चों को स्तनपान के लिए जगह ढूंढती रहती हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आंचल कक्ष का बोर्ड लगा हुआ है। अंदर महिलाओं के बैठने के लिए बेंच रखी है। कक्ष में दरवाजा और पर्दे लगे हुए हैं। लेकिन अंदर सामान रखे होने के कारण महिलाएं यहां पर नहीं जाती हैं और महिलाएं बच्चों को स्तनपान करवाने के लिए जगह तलाशती हैं।

### 8 से 10 हजार रुपये किये थे खर्च

विभाग ने सार्वजनिक स्थानों पर आंचल कक्ष बनाने के लिए 8 से 10 हजार रुपये खर्च किये थे। 9 साल पहले प्रदेश की तत्कालीन महिला व बाल विकास मंत्री अर्चना चिटनीस के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुरक्षित मातृत्व एवं सार्वजनिक स्थल पर महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, वन स्टाप सेंटर सहित मुलताई के बस स्टैंड पर आंचल कक्ष बनवाए थे। लेकिन अब यह आंचल कक्ष केवल नाममात्र के रह गये है। कहीं कबाड़ भरा है, तो कहीं आंचल कक्ष का बोर्ड ही नजर नहीं आता है। जिससे महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### बेहतर करेंगे

तत्कालीन महिला व बाल विकास मंत्री के निर्देश पर आंचल कक्ष बनाए गए थे। सार्वजनिक स्थानों पर बने आंचल कक्षों के सुधार और रखरखाव के संबंध में नगरपालिका से चर्चा की जायेगी। जहां भी कक्षों की मरम्मत की जरूरत है, उसके लिए प्रयास किए जाएंगे, और उन्हें बेहतर किया जाएगा।

- **गौतम अधिकारी,** जिला परियोजना अधिकारी, महिला व बाल विकास विभाग, बैतूल

### कृषि वैज्ञानिकों ने बचाव के बताए उपाय

## सोयाबीन फसलों में सफेद लट का प्रकोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कृषि विज्ञान केन्द्र बैतूल के पौध संरक्षण वैज्ञानिक आरडी बारपेटे एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्री दीपक सरियाम ने मंगलवार को बैतूल विकासखंड के विभिन्न गांवों के खेतों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सोयाबीन की फसलों में भूमि जनित कीट सफेद लट व्हाइट गृब के प्रकोप की पुष्टि की। यह कीट क्षेत्रीय किसानों के बीच साबरदेही, खोदा या उडंन के नाम से भी जाना जाता है। पहले यह कीट मुख्यतः सब्जी एवं कंद फसलों को प्रभावित करता था, परंतु अब यह सोयाबीन एवं मक्का जैसी मुख्य फसलों में भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। प्रकोप के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए वैज्ञानिकों ने बताया कि सफेद लट पौधों की जड़ों को खाकर उन्हें कमजोर कर देती है, जिससे पौधे बिना किसी बाहरी लक्षण के अचानक सूखने लगते हैं। प्रकोपित पौधे आसानी से उखड़ जाते हैं। कीट की इल्ली सफेद और मोटी होती है तथा अंग्रेजी के ह्यसीह्व आकार में मुड़ी रहती है, जिसका सिर गहरे भूरे रंग का होता है। विशेषज्ञों ने बताया कि खेतों में कच्चे गोबर की खाद एवं पूर्व फसल के अवशेष इस कीट की संख्या को बढ़ाने में सहायक होते हैं। इसके वयस्क कीट तांबई रंग के होते हैं जो रात्रि के समय सक्रिय रहते हैं और पौधों की पत्तियां खाकर उन्हें नुकसान पहुंचाते हैं।

### कीट नियंत्रण व प्रबंधन के उपाय

मूंगफली एवं अन्य ग्रसित फसलों के बीजों को क्लोरपायरीफास 20 ई.सी. कीटनाशक से 25 मिली/किग्रा की दर से उपचारित करें। खेत की मेंड़ और आसपास की झाडय़ों पर क्लोरपायरीफास 2.5 मिली, लीटर पानी का छिडक़ाव करें। क्लोरपायरीफास दानेदार (20 किग्रा/हेक्टेयर) या फिप्रोनिल दानेदार (10 किग्रा/हेक्टेयर) को भूमि में मिलाएं। मेटाराइजियम एनीसोप्ली जैव कीटनाशी को 1200 मि.ली./हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। इसके अलावा क्लोरपायरीफास 20 ई.सी. (5 लीटर/हेक्टेयर) को 50झ्र100 किग्रा गोबर या केंचुआ खाद में मिलाकर पर्याप्त नमी वाली भूमि में भुरकाव करें। वैज्ञानिकों ने किसानों से अपील की है कि वे नियमित रूप से फसलों की निगरानी करें और समय रहते कीट नियंत्रण उपाय अपनाकर अपनी फसल को नुकसान से बचाएं।

## आज व कल बैतूल में रहेंगे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. संदीप गोहे

**बैतूल।** पुरुष अधिकारों और सामाजिक न्याय की दिशा में देशभर में जागरूकता फैला रहे मेंस राइट्स एक्टिविस्ट और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. संदीप गोहे आज 16 और 17 जुलाई को बैतूल में रहेंगे। इस दौरान वे सेव इंडियन फैमिली एसआईएफ बैतूल के बैनर तले झूठे मुकदमों में फंसे पुरुषों की कानूनी और मानसिक स्थिति पर चर्चा करेंगे, पीड़ितों से मिलेंगे। उनकी उपस्थिति में मुख्य रूप से उन पुरुषों की समस्याओं पर चर्चा होगी जो झूठे केसों में फंसकर मानसिक और सामाजिक पीड़ा झेल रहे हैं। इस दौरान आत्महत्या की प्रवृत्ति, पारिवारिक बिखराव, और समाज में पुरुषों की उपेक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार किया जाएगा। डॉ. संदीप गोहे ने बताया कि वे इन दिनों में ऐसे पीड़ितों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर केस स्टडीज तैयार करेंगे, जिससे भविष्य में पुरुषों की सहायता के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जा सके। एसआईएफ बैतूल द्वारा समाज में पुरुषों के योगदान को पहचान देने का प्रयास किया जा रहा हैं। जिसके अंतर्गत नवाचार के रूप में पहला अभियान एक पेड़ पिता के नाम के अंतर्गत प्रत्येक पिता की स्मृति में पौधा लगाया जा रहा है ताकि समाज में उनकी भूमिका को सजीव रखा जा सके। दूसरा अभियान एक कुर्सी मर्दों के नाम समाज में पुरुषों की अदृश्य जिम्मेदारियों और उनके मौन संघर्षों को सामने लाने का प्रतीकात्मक प्रयास है।

## बैतूल रेलवे स्टेशन से मानव दुर्व्यापार निवारण अभियान का किया शुभारंभ

**बैतूल।** प्रदीपन संस्था द्वारा एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के अंतर्गत 15 जुलाई को मानव दुर्व्यापार निवारण अभियान का शुभारंभ बैतूल रेलवे स्टेशन से किया गया। यह कार्यक्रम संस्था सचिव श्रीमती रेखा गुजरे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। संस्था की काउंसलर दीपमाला खातरकर ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष जागरूकता अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य रेलवे स्टेशन और ट्रेनों के माध्यम से तस्करी किए जा रहे कमजोर और असुरक्षित बच्चों की पहचान करना, उनके बारे में खुफिया जानकारी जुटाना तथा रेलवे कर्मियों, ट्रांसपोर्ट स्टाफ और यात्रियों के बीच जागरूकता फैलाना है ताकि बच्चों को मानव तस्करी से बचाया जा सके।

## लायंस क्लब बैतूल सिटी की बागडोर अब लायन बीआर कुबड़े के हाथ में

### लायंस ऑफ बैतूल के शपथ ग्रहण समारोह ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




सेवा, समर्पण और सद्भावना के प्रतीक लायंस क्लब बैतूल सिटी ने सामाजिक समर्पण की प्रेरक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गरिमामय संयुक्त इंस्टॉलेशन समारोह का आयोजन किया गया। लायंस ऑफ बैतूल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में लायंस क्लब बैतूल सिटी, लायंस क्लब महक एवं लायंस क्लब बैतूल अमिगोस ने सहभागिता की। इस अवसर पर पुरानी कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत कर नई कार्यकारिणी को आगे काम करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह के मुख्य अतिथि एवं इंस्टॉलेशन अधिकारी पीएमजेएफ लायन पंकज मारू (नागदा) ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन से समारोह को वैचारिक ऊंचाईयां प्रदान की।

उन्होंने अपने संबोधन में बाल मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की एवं बच्चों की बौद्धिक अक्षमता के मुख्य कारणों, बचाव,सावधानियां व जन-जागरूकता की महत्वपूर्ण बातों को साझा किया। उन्होंने बैतूल क्लब की संगठनात्मक एकता एवं उपलब्धियों की मुक्त कंठ से सराहना की। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में पीडीजीएमजेएएफ लायन पी. एस. बग्गा, विशेष अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन डॉ.शिरीष अग्रवाल (हरदा) एवं जोन चेयरपर्सन लायन आशीष जैन (मुलताई) की उपस्थिति ने समारोह को गौरवशाली स्वरूप प्रदान किया। यह ऐतिहासिक अवसर तीनों क्लबों के वरिष्ठ लायन सदस्यों, नवप्रवर्तित पदाधिकारियों और शहर के सम्माननीय नागरिकों की उपस्थिति से और अधिक भव्य एवं वैभवशाली बन गया। क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष एमजेएफ लायन बी.आर.कुबड़े, सचिव एमजेएफ लायन अक्षय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन शिशिर कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने अपने दायित्व निर्वहन की शपथ ली। अध्यक्ष बीआर कुबड़े ने मंच से अपने क्लब की भावी योजनाओं और सामाजिक प्रतिबद्धताओं को साझा किया। इस समारोह ने न केवल तीनों क्लबों की एकता, संगठनात्मक समर्पण और सामाजिक दायित्व को उजागर किया, बल्कि भविष्य में सेवाकार्य की नई दिशा भी निर्धारित की। कार्यक्रम का सफल संचालन एमजेएफ लायन रविन्द्र कौर बग्गा एवं लायन हिमांशी धोटे ने किया। अंत में लायंस क्लब बैतूल सिटी से ओर से वरिष्ठ सदस्य एमजेएफ लायन रामप्रकाश गुगनानी ने सेवा का संकल्प दोहराते हुए आभार व्यक्त किया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में लायंस क्लब के सदस्य बैतूल, मुलताई, हरदा, भोपाल, उज्जैन के सदस्य मौजूद थे।

### बैतूल पुलिस ने पत्रकारों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

## नशे से दूरी है जरूरी, जनजागरूकता अभियान का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



नशे से दूरी, है जरूरी... जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ पुलिस कंट्रोल रूम बैतूल में किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, कोतवाली थाना प्रभारी श्री डेहरिया, एफएसएल के आबिद अंसारी आदि की उपस्थिति में जिले के समस्त प्रमुख मीडिया प्रतिनिधियों, जिनमें पत्रकार कल्याण परिषद जिला इकाई बैतूल के वरिष्ठ पत्रकार संभागीय प्रभारी राधेश्याम सिन्हा, महासचिव हरिभूमि के ब्यूरो प्रमुख संजय द्विवेदी, पीपुल्स समाचार के ब्यूरो प्रमुख देवेश दुबे, अंशुल शुक्ला आदि पत्रकारों के साथ एक संवाद एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। दरअसल पुलिस महानिदेशक मप्र. कैलाश मकवाना के निर्देशन में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा समस्त जिलों में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक चलाए जा रहे राज्यव्यापी नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने अभियान के उद्देश्यों एवं समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकार में धकेल रहा है, बल्कि यह अपराधों की बढ़ती घटनाओं का भी प्रमुख कारण बन रहा है। समाज को जागरूक करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और मीडिया इस दिशा में सबसे प्रभावशाली माध्यम है। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों को नशामुक्त रहने एवं समाज को जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा भी साझा की गई, जिनमें रैलियां, पोस्टर/बैनर प्रचार, नुक्कड़ नाटक, स्कूल/कॉलेज स्तर पर प्रतियोगिताएं, डिजिटल प्रचार, सोशल मीडिया अभियान आदि शामिल हैं। बैतूल पुलिस द्वारा अभियान की यह सशक्त शुरुआत न केवल एक प्रशासनिक पहल है, बल्कि समाज को नशे के विरुद्ध एकजुट करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी है।

### जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरते अधिकारी: सीईओ जैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया।

जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में कुल 137 आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ श्री जैन ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता पूर्वक किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरती जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, डिप्टी डायरेक्टर तृप्ति पटेरिया ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में आवेदन के माध्यम से भीमपुर तहसील के ग्राम मक्का निवासी सीलकराम ने अनावेदकों द्वारा पटवारी और आरआई से सांठगांठ कर भूमि का नक्शा काटे जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने भैंसदेही एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी दयाल सिंह ने राजस्व फाइल उपलब्ध कराए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने मुलताई एसडीएम को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### सडक़ और नाली निर्माण किए जाने की मांग

बैतूल की ग्राम पंचायत दनोरा निवासी तुलाराम हरफोड़े ने दनोरा-टेमनी रिहायशी इलाके में सडक़ और नाली निर्माण किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ श्री जैन ने बैतूल एसडीएम को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अंबेडकर वार्ड निवास अमित राठौर ने आवेदन के माध्यम से शासकीय भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर सीईओ श्री जैन ने नगर पालिका बैतूल सीएमओ और तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी प्रहलाद मतलाने ने मुलताई स्थित भूमि की जांच किए जाने के लिए आवेदन दिया।

## नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान

### स्कूली छात्राओं ने रैली निकालकर ग्रहण की शपथ



**सारणी।** नशे से दूरी है जरूरी जनजागरूकता अभियान के तहत हाई स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा जनजागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह रैली दोपहर 3 बजे हाई स्कूल से प्रारंभ होकर जी टाईप, शॉपिंग सेंटर, होते हुए पुनः हाई स्कूल ग्राउंड पर सम्पन्न हुई। रैली में थाना प्रभारी सारणी जयपाल इनवाती एवं कन्या हाई स्कूल से प्राचार्य अंजना भालेकर एवं बालक हाई स्कूल से प्राचार्य भंडारे उपस्थित रहे। एवं थाना सारणी पुलिस अधिकारी, कर्मचारी गण, स्कूल स्टाफ रैली में सम्मिलित हुए। रैली के माध्यम से आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया गया तथा समाज में नशामुक्ति के लिए सामूहिक संकल्प का संदेश प्रसारित किया गया। यह आयोजन पुलिस और प्रशासनिक तंत्र की जनहित में सकारात्मक भूमिका को दर्शाता है।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क: श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

संक्षेप खबर

### घरों में से निकल रहे सर्प सर्पमित्र एक्टिव मोड पर



सोहागपुर। विगत दिन हुई बारिश अब थम गई है तथा उमस का मौसम क्षेत्र में बन गया है। जिसके चलते बड़ी संख्या में सर्प व अन्य जहरीले जीव घरों तक पहुंच रहे हैं। जिसके चलते वन विभाग रेस्क्यू टीम एवं सर्पमित्र 24 घंटे एक्टिव मोड में हैं। रात्रि में रेस्क्यू टीम व सर्पमित्र सांप निकलने की सूचना पर घरों तक पहुंचकर सर्पों के भय से आमजनों को मुक्ति दे रहे हैं। सभी सर्पों को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व बफर जोन क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ा भी जा रहा है।

### श्री शंभू दरबार में किया महारुद्राभिषेक आयोजन

सोहागपुर। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को नगर स्थित श्री शम्भू दरबार में सोमवार रात महा रुद्राभिषेक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर दरबार के वर्तमान गादीधारी पं. प्रकाश मनमोहन मुदगल ने सपत्नीक व परिजनों सहित शिवाभिषेक किया। महा रुद्राभिषेक ब्राह्मण विद्वतजनों द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर पलाश परिसरवासी एवं नगरवासी भी उपस्थित रहे।

## सड़क निर्माण दौरान की गई लापरवाही ने बरसात में पैदा की लोगों की मुश्किलें

# बरसाती पानी की निकासी के लिए बनानी पड़ी कायाकल्प रोड में राह

गौतम वार्ड में नप ने कायाकल्प रोड का निर्माण किया है। लेकिन रोड निर्माण में की गई लापरवाही का परिणाम है कि बरसाती गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है। जिससे आसपास के रहवासी परेशान हो रहें। नागरिकों ने समस्या समाधान की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





सोहागपुर के गौतम वार्ड में नप ने कायाकल्प रोड का निर्माण किया है। लेकिन रोड निर्माण में की गई लापरवाही का परिणाम है कि बरसाती गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है।

गौतम वार्डवासियों ने बताया कि सड़क निर्माण दौरान कॉलोनीवासियों ने नप के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ठेकेदार से पर्याप्त खुदाईकर सड़क बनाने का आग्रह किया था।

क्योंकि लगभग 10 वर्ष पूर्व कॉलोनी में बने मकान निचले स्तर पर हैं। बाद में बने मकानों का मलबा पुरानी कच्ची राह पर डालने से सड़क ऊंची हो गई। नागरिकों ने आशंका जताई थी कि बरसात में सड़क का पानी निचले कच्चे नाले से होते हुए घरों में जमा होगा। लेकिन जनता की बात किसी ने नहीं मानी। परिणामतः गत दिनों हुई बरसात में पूर्व से अपेक्षित समस्या हुई तथा घरों में बरसात का गंदा पानी पहुंचा व आंगनों में घंटों पानी भर गया।

#### बनाई सड़क से राह

गौतम वार्डवासियों ने बताया कि ठेकेदार ने मकानों के तल से ऊंची सड़क बना दी। तेज बारिश में पानी सड़क पार नहीं कर सका व कई लोगों के घरों में घुस गया। जिसके चलते नागरिकों को रोड से राह बनानी पड़ी। ताकि बारिश का पानी निकल सके। यदि नागरिक सड़क नहीं काटते तो घरों में गंदा पानी जमा रहता। चिंताजनक बात यह है कि सूचना मिलने पर भी नप ने पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की। नागरिकों को निजी व्यय पर समस्या का समाधान करना पड़ा।

#### हुई बहुत मनमानी

गौतम वार्डवासियों ने बताया कि स्टेट बैंक के पीछे की कॉलोनी में सड़क निर्माण दौरान ठेकेदार ने बहुत मनमानी की। बेस डालने के लगभग सात सप्ताह बाद सड़क का टॉप डाला गया, जिससे सड़क की गुणवत्ता ठीक नहीं है। वहीं सड़क की तराई भी नहीं की गई, सड़क का तल सही नहीं बनाया गया और इन्हीं कारणों से सड़क ठीक नहीं बनी है।

## ज्ञानसागर स्कूल में मनाया गया 17वां स्थापना दिवस






हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ज्ञानसागर स्कूल का 17 वां स्थापना दिवस गत दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। साथ ही नर्सरी कक्षा के बच्चों के लिये विद्यारम्भ संस्कार भी सम्पन्न हुआ।

स्कूल निर्देशक डॉक्टर कविता पटेल ने बताया कि आयोजन की शुरुआत माँ सरस्वती व भगवान श्री गणेश के पूजा अर्चन से हुई। इसके बाद बच्चों से लेखनी एवं पुस्तिका का पूजन कराया गया। वही विद्यारंभ संस्कार के दौरान सम्मिलित छोटे बच्चों से पटल पर ॐ शब्द लिखवाकर विद्या का आरम्भ कराया गया। इसके बाद बच्चों की रुचि किस व्यवसाय में है, इसका परीक्षण के लिए उनकी पसंद की चीज उनसे उठवाई गई। जिससे उनका लक्ष्य ज्ञात हुआ। उसके बाद स्कूल का स्थापना दिवस केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल निर्देशक एवं श्री गजानन समिति कालेज प्राचार्य डा. कविता पटेल ने बच्चों को विविध बाल सुलभ व प्रेरक प्रसंग सुनाकर उनको शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

डॉ. पटेल ने स्कूल के स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए स्कूल को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने का प्रण व्यक्त किया। स्कूल प्राचार्य अंजली अभिलाषा सीजर ने विद्यारम्भ का महत्व समझाते हुये बच्चों को शिक्षा में उत्तरोत्तर उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ज्ञानसागर स्कूल एवं श्री गजानन कॉलेज का स्टॉफ उपस्थित रहा।

## एसडीएम के कार्यालय में हुआ अदालत के साथ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश शासन के ठेकेदार सुनील दीपक बिल्डर के द्वारा कार्यालयक115,50लाख रुपए की लागत से भवन निर्माण कार्य पूरा किया गया है।

इस भवन में अनुविभागीय अधिकारीके लिए चेंबर , एसडीएम कोर्टरूम, रिकॉर्ड रूम, कंम्पयूटर रुम , मीटिंग हाल ,आफिस रुम , सिटिजन सर्विस सेंटर , शुद्ध पेयजल आपूर्ति, दिव्यांग पुरुष महिला शौचालय निर्माण कार्य परियोजना अधिकारी लोक निर्माण विभाग पी,आई,यूं, के माध्यम से किया गया है।प्रारभ होने के पूर्व ही घटिया किस्म का निर्माण सामने दरवाजा के सामने लगे पेवर ब्लॉक ही उखड कर बयान कर रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव ने गणेश पूजन कर काम करना शुरू किया। कोर्ट रुम में ही सुनवाई करते हुए निर्णय किए गए।इस दौरान उनके सभी स्टाफ के लोग हितग्राही अधिवक्ता आम जनता सुरक्षा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पहली ही बारिश ने खोली घटिया निर्माण कार्य की पोल, जगह-जगह हो गए सड़क पर गड्ढे

### अधिकारी ने कहा-सड़क निर्माण की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

पीपल चौक से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण हुए अभी दो माह भी नहीं हुए, मई माह में निर्मित सड़क महज तीन-चार दिन की बारिश में सी जगह-जगह से उधड़ने लगी है एवं सड़क पर चलने वाले वाहनों के दबाव से सड़क में अनेक स्थानों पर गड्ढे दिखाई देने लगे हैं।

ज्ञात हो कि 5 जनवरी 2024 से निर्माणाधीन इस सड़क के निर्माण मैं ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण का काम लापरवाही पूर्वक किया गया जिसे लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी मुख दर्शक होकर देखते रहे जिसके परिणाम स्वरूप पीपल चौक से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क निर्माण के दो माह में उधड़ने लगी है जिम्मेदार अधिकारी सड़क निर्माण के समय से ही हमेशा मौन रहकर सड़क की घटिया निर्माण को देखते रहे।





**इनका कहना है**

सड़क कहीं से उधड़ गई है तो ठेकेदार सुधारेगा 5 साल की सड़क की देखरेख की जिम्मेदारी ठेकेदार की है ।

रामपसाद शर्मा, सब इंजीनियर, लोनिवि

## फिर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में गड़बड़ी का मामला आया सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

केंद्र सरकार के माध्यम से समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदीं पिपरिया विकासखंड में की जा रही है। विगत वर्षों भी समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी का काम मार्केटिंग सोसायटी को दिया गया था। जिसका प्रकरण अभी न्यायालय में अभी विचाराधीन है। और वर्ष 2025 26 में सेवा सहकारी समिति तरौनकला के द्वारा विहार के मजदूरों के ठेकेदार वसीन खान को ठेका दिया गया है। प्रबंधक राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि 9जुलाई से खरीदी कीजा रही है।

इसमें समिति तरौनकला के सभी कर्मचारियों के द्वारा कार्य मौके पर किया जाता है। लेकिन सोमवार को तरौनकला के किसान राकेश पिता काशीराम के द्वारा बताया गया कि उनकी मूंग में कचरा होने पर सर्वेयर दुर्गेश विश्वकर्मा ने अमानक बताया और खरीद पर मोटा पैसा वसूल की बात कही गई थी। पैसा नादेने पर सर्वेयर दुर्गेश विश्वकर्मा ने अमानक बताया और पंचनामा तैयार किया गया। जिस पर किसान मजदूर के हस्ताक्षर नहीं किए गए थे। उसके बाद दूसरे दिन मंगलवार को ठेकेदार के तुलावटी खान तुलाई प्रारंभ करने वाले थे। उसके पूर्व खैरीकला के किसान ने तुलावटी खान को प्रबंधक के द्वारा 25 कटटी तुलाई प्रारंभ करने तुलावटी दी थी। तो प्रबंधक राजेंद्र श्रीवास्तव एवं किसान से नजरें बचाकर 1कटटी बढ़ाकर उस ढेर में मिला दी जो किसान ने देख ली तौ बबाल मचा गया था। मौके पर पहुंचे राजस्व विभागके अधिकारी तथा पुलिस अधिकारी ने पहुंचकर तुलावटी खान को सुरक्षा में लिया पुलिस थाने लेकर आ गयी है।

### जिला अस्पताल में दी ईएनटी सर्जन डॉ. प्रज्ञा आर साहू ने ज्वाइनिंग



इटारसी। शासकीय चिकित्सालय नर्मदापुरम में नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ (सर्जन) डॉ प्रज्ञा आर साहू ने डिस्ट्रिक्ट रूलर पोस्टिंग (डीआरपी) के तहत ज्वाइनिंग दी है। उल्लेखीय है कि डॉ प्रज्ञा साहू इटारसी के रमेश के साहू एडवोकेट और इनरव्हील अध्यक्ष श्रीमती सविता आर साहू की सुपुत्री हैं जो कि श्री अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर से हैं। डॉ प्रज्ञा साहू ने डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल नरसिंहपुर से स्थानांतरण पर नर्मदापुरम में ज्वाइनिंग दी है। सर्जन डॉ प्रज्ञा साहू ने कहा कि गृह जिले में स्वास्थ्य सेवा देना गर्व का विषय है। मेरी सेवा अवधि में अधिक से अधिक सर्जरी हो ऐसी इच्छा है। नाक, कान, गले के रोग से पीड़ित लाभ उठाएं सरकारी हॉस्पिटल आएं।

## आंगनबाड़ी केंद्र के द्वार पर जमा कीचड़, ऐसे में कैसे पोषण पाने के लिए जाएं नौनिहाल?

### जोरदार बारिश में डूब जाता है रास्ता, जाने के लिए करनी पड़ती है मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर शहर में शास्त्री वार्ड के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक दो का रास्ता कीचड़ में गुम हो गया है। कृषि विभाग कार्यालय के समीप स्थित केंद्र का पहुंच मार्ग चंद मिनटों की बारिश में पानी में डूब जाता है। और पूरे बरसात के मौसम में बच्चों की केंद्र तक आवाजाही बाधित होती है।

शास्त्री वार्डवासियों ने आंगनवाड़ी केंद्र के सामने की बदहाल स्थिति का चित्र हरिभूमि के साथ शेयर किया। केंद्र आने-जाने वाले नौनिहालों के पालकों ने बताया कि बहुत अधिक मात्रा में केंद्र के दरवाजे पर ही कीचड़ जमा होने से बच्चों को परेशानी हो रही है। केंद्र कार्यकर्ता व सहायिका भी बहुत परेशान हैं। कीचड़युक्त पानी में मच्छर पनप रहे हैं, जिनसे बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है। अभिभावकों ने केंद्र का स्थल बदलने व मार्ग सदैव दुरुस्त रखने की मांग प्रशासन से की है। नागरिकों का कहना है कि उक्त केंद्र के ठीक सामने आरईएस विभाग का पुराना भवन है, जहां चौकीदार रहता है। पिछले दिनों उक्त भवन में चार दिन तक केंद्र लगाया भी गया। लेकिन बाद में इंकार कर दिया गया। यदि उक्त भवन में मात्र बरसात के मौसम में केंद्र संचालित हो तो आसानी से केंद्र व्यवस्था संचालित हो सकती है।

### पचमढ़ी में होगा भगवान शिव का अभिषेक

# कावड़ लेकर निकले शिव के भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



नर्मदा पुरम से नर्मदा जल लेकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने पचमढ़ी जा रहे सैकड़ो कावड़ यात्रियों माखन में जगह-जगह स्वागत किया गया प्रतिवर्ष सुश्री राजो मालवीय द्वारा कैलाश मानसरोवर मुक्ति महासंकल्प कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी सोमवार को नर्मदापुरम से कावड़ यात्रा निकाली गई जिसका मंगलवार को माखन नगर में प्रवेश किया आरी तिराहा स्वागत फूल माला से शुरू हुआ कावड़ यात्रा का गायत्री साधना स्थल पहुंचने पर लायन्स क्लब ने दीदी राजो मालवीय का शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान किया राजो मालवीय ने बताया प्रतिवर्ष सैकड़ो श्रद्धालु कावड़ कंधों पर रख कर पैदल चल कर बम बम भोले का जय पचमढ़ी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ काअभिषेक करने पहुंचते हैं यह कावड़ यात्रा विगत 23 वर्षों से निरंतर निकल रही हैं। गायत्री साधना स्थल पर लायंस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत पूर्व अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल अजीत सेठी विनीत गुरु दीपक वर्मा देवी सिंह राजपूत संजय वर्मा मोहित राजपूत आनंद राठौड राजेश मीणा इंदर सिंह राजपूत उल्लास पाटनी मुकेश मालवीय महेश खंडेलवाल नगर परिषद के पार्षद सिल्लू मालवी दिनेश शर्मा के अनेक धार्मिक सामाजिक संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी मातृशक्ति और नगरवासियों ने स्वागत कर कावड़ यात्रा में शामिल हुए।

## दयाल अस्पताल से पीड़ित लोग आ रहे सामने, किसी ने खोई अपनी मां, तो किसी ने पत्नी, किसी ने गंवाया अजन्मा बच्चा, सबने कहा अस्पताल करता है लापरवाही

### न्याय दिलाने के लिए हरिभूमि बनेगा पीड़ितों की आवाज, एक दर्जन से अधिक परिवारों ने खुलकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पुरानी इटारसी निवासी नीरज राजपूत की मौत के मामले में दयाल अस्पताल की मुश्किलें ओर बढ़ सकती है। नीरज राजपूत का मामला सामने आने के बाद अब करीब एक दर्जन परिवारों ने अपने परिवारजनों की मौत और गलत इलाज का इल्ज़ाम दयाल अस्पताल के सिर मढ़ दिया है। नीरज की मौत के मामले में चल रही उठापटक से अब उन परिवारों को भी बल मिलने लगा है जिन्होंने अपने परिवारजनों को खोया है या फिर मामूली बीमारी से लापरवाह इलाज के चलते गंभीर बीमार में तब्दील हो गए हैं। ये वो लोग है जो डर और दबाव के कारण अभी तक खुलकर दयाल अस्पताल का विरोध नहीं कर पाए थे। लेकिन मंगलवार को करणी सेना और राजपूत समाज के सहयोग से नीरज के परिवार द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में इनके सामने आने के बाद यह बात स्पष्ट हो गई है कि दयाल अस्पताल का लापरवाहीपूर्वक इलाज का कारनामा अब ज्यादा दिन नागरिकों से छुपने वाला नहीं है। पत्रकार वार्ता में मौजूद दयाल अस्पताल से पीड़ित लोगों में किसी ने अपनी मां, किसी ने पत्नी तो किसी ने अजन्मा बच्चा गंवाया। तो किसी ने गलत ऑपरेशन के चलते जिंदगी भर की विकलांगता जैसी स्थिति में आने के किस्से रुंदाले स्वर में मीडिया के सामने बताए। हालांकि उक्त खबर में सभी मामलों का विस्तृत उल्लेख करना संभव नहीं है। यहां तक कि अब कुछ पीड़ितों ने डॉ शीतल दयाल पर भी लापरवाही के आरोप लगाए है। इन सभी पीड़ित लोगों ने एकत्रित होकर अस्पताल के खिलाफ कार्यवाही को लेकर लिखित शिकायत की है।

### ये बोले नीरज के परिवारजन

अपने जवान बेटे नीरज को खोने वाले पिता धनपाल सिंह ने नम आंखों और गमगीन जुबान से पत्रकारों से चर्चा में बताया कि मेरे बेटे के साथ जो हुआ उसे कोई बदल नहीं सकते। हम पोस्टमार्टम नहीं करा पाए यह हमारी गलती है और आज यही गलती हम पर भारी पड़ रही है नहीं तो हमें इतनी लंबी लड़ाई नहीं लड़नी पड़ती। लेकिन फिर भी प्रशासन से हमारी अपील है कि दयाल अस्पताल पर ऐसी कार्रवाई जरूर हो जिससे आगे किसी के घर का चिराग लापरवाह इलाज की भेंट न चढ़े। मृतक नीरज के बड़े भाई विक्की ने बताया कि दयाल अस्पताल के आईसीयू में नीरज के भर्ती होने के दौरान स्टाफ ने उनके साथ बदसलूकी की। नीरज के भाई गोपाल ने बताया कि एक बेस ओर चौहान सरनेम के अस्पताल स्टाफ के व्यक्ति लगातार नीरज को दो दिन तक वेंटिलेटर पर अटेंड करते रहे। ये दोनों आश्वासन देते थे कि सब ठीक चल रहा है, दवाइयां 20 प्रतिशत से 8 प्रतिशत कर दी ओर टूटी नस में 86 प्रतिशत फ्लो शुरू हो गया है। उनका कहना था कि नीरज की हालत सुधर रही है। लेकिन असलियत इसके विपरीत थी। अगर उसे आराम लग रहा था तो मौत तक बात कैसे पहुंची। परिजनों का कहना है कि हम उच्च न्यायालय ओर उच्चतम न्यायालय तक लड़ाई लड़ेंगे।

### आंखों से झलका पत्नी और अजन्मे बच्चे को खोने का दर्द

योगेश मेहतो ने बताया कि उनकी पत्नी गर्भवती थी, शुरुआत से वो डॉ शीतल दयाल से चेकअप करवा रहे थे। पत्नी को खाना निगलने ने परेशानी होती थी तो डॉ को दिखाने पर उन्होंने इस भ्रम में डाल दिया कि प्रेग्नेंसी में खाना नहीं खिलाता। ऐसे ही कई बार चेकअप कराने पर यही जवाब मिला। लेकिन जब कुछ महीनों बाद नागपुर में चेकअप कराया तो पता चला पत्नी को कैंसर है। जिसके कुछ समय बाद पत्नी की मौत हो गई। योगेश का कहना था कि अगर पहले ही डॉ शीतल दयाल अच्छे से चेकअप करके देख लेती तो शायद में समय पर पत्नी का इलाज करके उसे बचा लेता। वहीं मनीष उदयपुरिया ने बताया कि पत्नी के प्रेग्नेंट होने के बाद से ही लगातार उन्होंने डॉ शीतल दयाल से चेकअप करवाया। पांचवे माह में पत्नी को कुछ अंदरूनी दिक्कतें (स्त्री गोपनीयता के चलते स्पष्ट बीमारी नहीं लिख रहे है) हुई। जिसके बाद शीतल दयाल मैडम ने भर्ती कर लिया। पांच दिन तक भर्ती रहने के बाद मैडम ने एक बार भी नहीं देखा। छठवें दिन कलर सोनोग्राफी के लिए भेजा। ओर फिर कहा कि अब ये केस बिगड़ चुका है। मुझे रेवा नर्सिंग होम जाने की सलाह दी। वहां जाकर डॉक्टर ने बताया कि अगर 24 घंटे पहले ले आते तो हम बच्चे को बचा लेते। मेरा पांच माह का अजन्मा बच्चा दयाल अस्पताल की लापरवाही की भेंट चढ़ गया। गोपाल सोनी ने बताया कि दयाल अस्पताल में ही पांच दिन भर्ती रहने के बाद लापरवाही पूर्वक इलाज से उनकी मां की मौत हुई साथ ही एक्सीडेंट के बाद भतीजे के गलत ऑपरेशन से आज तक वह ठीक से देख नहीं पाता है। इनके अलावा कई लोगों ने हड्डी के गलत ऑपरेशन से विकलांगता के आरोप भी लगाए हैं।

### पीड़ित बोले अगर इलाज नहीं आता या डॉ नहीं है तो मना कर दीजिए

पत्रकार वार्ता के दौरान जितने भी पीड़ित मीडिया के सामने अपनी शिकायतें लेकर आए उन सभी का एक ही कहना था कि दयाल अस्पताल में हर बीमारी के लिए डॉक्टर नहीं है। हर बीमारी के जांच के लिए उपकरण नहीं है। न ही भर्ती करके इलाज के लिए उपयुक्त स्टाफ है तो फिर ये सभी तरह के मरीजों को क्यों इलाज के लिए भर्ती कर लेते है। अगर पहले ही मरीज को मना कर दिया जाए या प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर अथॉरिटी रेफर कर दिया जाए तो इस तरह के मामले कभी नहीं होंगे। लेकिन पैसों के लालच में आए हुए किसी भी मरीज को ये लोग वापिस नहीं भेजते बल्कि अपने स्तर पर ही उसका इलाज शुरू कर देते है। आखिर में जब बात हद से आगे बढ़ जाती है तब रैफर करते है।

### करणी सेना और राजपूत समाज कार्यवाही के लिए करेगा प्रयास

करणी सेना और राजपूत समाज का कहना है कि शहर ने बहुत लोग गलत इलाज के चलते खो दिए हैं। सैकड़ों लोग इस अस्पताल से पीड़ित हैं परंतु अब सबको न्याय दिलाने के लिए हम शांत नहीं बैठेंगे। हम इन सभी पीड़ितों की ओर से शिकायत करने में इनकी सहायता करेंगे। साथ ही नागरिकों को जागरूक करेंगे कि गलत इलाज ओर किसी एक डॉक्टर के चक्कर में न पड़ें।

### हरिभूमि बनेगा पीड़ितों की आवाज

दयाल अस्पताल के खिलाफ पूर्व में सामने आने वाले मामलों से ऐसा लगता था कि यह गिनी चुनी गलतियां ओर लापरवाही है, या फिर कुछ लोगों के झूठे आरोप है। लेकिन मंगलवार की पत्रकार वार्ता के बाद यह बात पानी की तरह साफ हो गई है कि दयाल अस्पताल के इलाज में लापरवाही आए दिन की बात हो गई है और सैकड़ों हजारों लोग इससे प्रभावित ओर पीड़ित है। इसको देखते हुए हरिभूमि ने ऐसे पीड़ित लोगों की आवाज बनने का फैसला लिया है। जी हां अब अगर आपके परिवार या परिचित में किसी के भी साथ शहर के किसी भी अस्पताल में हुए इलाज में आपको लापरवाही का संदेह है तो हरिभूमि आपकी आवाज बनकर मामले को प्रकाशित करेगा। साथ ही पीड़ितों की हर संभव मदद ओर न्याय दिलाने के लिए भी हरिभूमि कार्य करेगा। जिसके लिए आप हरिभूमि कार्यालय इटारसी में कार्यालयीन समय के दौरान या फिर मो नंबर 9300263480 पर किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### दुकान में घुसकर 2 किलो चांदी के जेवर चोरी किए

**रहटगांव।** स्थानीय गणेश चौक पर स्थित बालाजी ज्वेलर्स पर सोमवार मंगलवार रात्रि के दौरान दुकान पर चोरों द्वारा चोरी की गई। दुकान के संचालक सुनील गोलू सोनी ने बताया कि सुबह जब दुकान खोलने आए तो दुकान का सामान फैला हुआ था और दुकान पर से रखी हुई चांदी की रकम करदोना सहित चांदी से बनी हुई जेवर गायब थे। चोरों द्वारा दुकान की छत के टीन में लगे किले काट कर टीन को ऊंचा कर चोरी की गई। व्यापारी द्वारा इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। जिसमें करीब 2 किलो चांदी के जेवर दुकान से गायब हैं। पुलिस द्वारा अपना दल भिजवाया गया। मौके पर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे गए। जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति रात्रि को आता जाता देखा गया। थाना प्रभारी महेंद्र भदोरिया ने बताया कि सभी जगह के सीसीटीवी में देखा जा रहा है। चोरी की जो वारदात हुई है उसमें आरोपी को शीघ्र पकड़ा जाएगा।

### सीहोर स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग तेज

**सीहोर।** देशभर से सीहोर पहुंच रहे श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के नहीं रुकने से रोजाना परेशानी हो रही है। रविवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान के मार्गदर्शन में डेली अप डाउनर्स संघ ने स्टेशन पर सभी ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर रतलाम मंडल डीआरएम के नाम ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपा। नौशाद खान ने बताया कि सीहोर रेलवे स्टेशन पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में आता है। कोरोना से पहले यहां इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस और पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस का स्टॉपेज था। तीन साल बीतने के बाद भी इन ट्रेनों का स्टॉपेज अब तक शुरू नहीं हुआ है। नगरवासियों ने कई बार ज्ञापन दिए। सांसद आलोक शर्मा ने भी केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कालापीपल, अकोदिया और शुजालपुर जैसे छोटे स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेनें रुक रही हैं। सीहोर स्टेशन का राजस्व इनसे कई गुना ज्यादा है। इसके बावजूद यहां के यात्रियों और देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ भेदभाव हो रहा है। कुबेरेश्वरधाम पर रोजाना पहुंचते हैं हजारों लोग स्टेशन के पास ही पंडित प्रदीप मिश्रा का कुबरेश्वर धाम है। यहां रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने से उन्हें भारी दिक्कत होती है। इंदौर व्यापारिक राजधानी है। सीहोर से रोज सैकड़ों लोग वहां आते-जाते हैं। सीधी ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने से उन्हें भी परेशानी उठानी पड़ रही है। नौशाद ने ज्ञापन की प्रति फिर से सांसद आलोक शर्मा और केंद्रीय रेल मंत्री को भेजी है। मांग की गई है कि सीहोर स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों का स्टॉपेज किया जाए।

### कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के समय-सीमा प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन लंबित प्रकरणों व विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित नकारात्मक खबरों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, रजनी वर्मा, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर जैन ने उर्वरकों उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसानों को समय पर आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए शासन से अतिरिक्त उर्वरकों की मांग की जाए ताकि जिले में उर्वरकों की कमी न हो। इसके साथ ही जिले में उर्वरकों की उपलब्धता के संबंध में किसानों जानकारी भी दी जाए।



कलेक्टर जैन ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि सभी संकुल प्राचार्य सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सार्थक एप की रिपोर्ट के आधार पर ही संकुल प्राचार्यों का वेतन आहरित किया जाए। कलेक्टर जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी को ग्राम रेसलपुर में संचालित कन्या छात्रावास के लिए शिक्षक उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये। उन्होने ई-केवायसी कार्य की समीक्षा के दौरान सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ई-केवायसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई व्यवस्था बनाये रखने के लिये अतिरिक्त डस्ट बिन लगाने के निर्देश भी दिये।

#### प्रकरणों का निराकरण करें

बैठक में कलेक्टर ने एसडीएम टिमरनी व खिरकिया को वन विभाग से समन्वय स्थापित कर डिपो के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिये ताकि समय पर डिपो अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट किये जा सकें।

कलेक्टर जैन ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का सतुष्टिपूर्वक निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम मॉनिट, मानव अधिकार आयोग, आयुक्त, जनसुनवाई व जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने महिला बाल विकास के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की भर्ती प्रक्रिया निर्धारित समय में पूर्ण की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि पोषण ट्रेकर एप पर जानकारी दर्ज करने की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों के जर्जर भवनों की सूची उपलब्ध कराएं ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

## किसानों ने कलेक्टर से की रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, रजनी वर्मा एवं संजीव नागू के साथ-साथ एसडीम हरदा कुमार शानू देवड़िया, एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले तथा एसडीएम खिरकिया अशोक डहेरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

जनसुनवाई में खिरकिया निवासी आवेदिका पुष्पाबाई ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर अपने क्षतिग्रस्त मकान को तोड़ने के लिए अनुमति मांगी, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरकिया को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में जानकीकुंज कॉलोनी निवासियों ने कलेक्टर जैन से कॉलोनी में स्थित पार्क से अतिक्रमण हटाने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को पार्क से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम बालागांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की, जिस पर उन्होने तहसीलदार को हरदा को रास्ते से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में मालेगांव निवासी सतीश इवने ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर वनांचल क्षेत्र में सोसायटियों के माध्यम से नगद खाद वितरण कराने की मांग की, जिस पर उन्होने जिला विपणन अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

### किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने किया दौरा

## किसानों को मूंग खरीदी केंद्रों पर हो रही असुविधा : किसान कांग्रेस



**हरदा।** किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने हरदा जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मूंग खरीदी केंद्रों पर किसानों से मिलकर किसानों को होने वाली समस्याओं के बारे में बातचीत की। किसानों ने बताया कि खरीदी केंद्रों पर किसानों को बारिश से बचने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए है। केंद्रों पर पीने के पानी का इंतजाम भी नहीं है। अधिकांश खरीदी केंद्र ऐसे वेयर हाउस पर बना दिए गए है जहाँ वेयर हाउस के अंदर ट्रेक्टर ट्राली खड़े करने की जगह नहीं है। किसानों के ट्रेक्टर ट्राली सड़कों पर खड़े है, इसके कारण कोई भी दुर्घटना घटित हो सकती है।

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहन बिश्नोई ने बताया कि किसान कांग्रेस ने जिला प्रशासन से पहले ही मांग की थी की जिले मे कम से कम 100 खरीदी केंद्र बनाए जाएं। जिससे किसानों को असुविधा ना हो लेकिन मात्र 46 खरीदी केंद्र ही बनाए। उपज बेचे 8 दिन बीतने के बाद भी अभी तक मुंग का भुगतान शुरू नहीं किया, उपज बेचने के बाद तीन दिन मे भुगतान करने का दावा सरकार करती है। धर्मेंद्र सिंह चौहान ने जिले मे यूरिया की आपूर्ति के लिए डीएमओ योगेश मालवीय से चर्चा कर किसानों को तत्काल सहकारी समितियों के माध्यम से यूरिया एवं डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग की।

### मौके पर पहुंचकर किसानों की सुनी पीड़ा

## खाद वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर विधायक ने की त्वरित सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

खाद वितरण केंद्र पर गड़बड़ी की सूचना मिलते ही विधायक कंचन तनवे ने तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इंदौर नाका स्थित मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ केंद्र पर पहुंचे विधायक कंचन मुकेश तनवे ने किसानों से सीधे उनकी बात सुन कर उनकी शिकायतें सुनीं और वितरण व्यवस्था में हो रही अनियमितताओं पर नाराजगी जाहिर की।

किसानों ने बताया कि उन्हें तय मात्रा में खाद नहीं मिल रहा है और कई बार समय पर वितरण नहीं किया जाता। विधायक को किसानों ने बताया कि नियमानुसार एक एकड़ पर तीन बोरी खाद मिलना चाहिए जबकि इनके द्वारा अधिक जमीन होने पर भी एक दो बोरी खाद बांटा जा रहा हैं। गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए इस विषय पर विधायक ने सारे आवश्यक कार्य छोड़ किसानों के लिए विपणन संघ के खाद वितरण केंद्र पर राजपाल राठौर और कार्यकर्ताओं के साथ आनन फानन में पहुंची और संबंधित विपणन संघ जिला अधिकारी स्वेता सिंह को तलब करते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। इस पर जिला विपणन संघ अधिकारी स्वेता सिंह किसानों को किसी भी प्रकार से समस्या उत्पन्न नहीं होंगी विधायक को भरोसा दिलाया। अधिकारी स्वेता सिंह को निर्देशित करते हुए विधायक ने कहा कि देश में हमारी सरकार के प्रधानमंत्री ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री रात दिन किसानों ओर जनता के कल्याण के लिए कार्य कर रहें इसलिए जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक कंचन मुकेश तनवे के इस त्वरित हस्तक्षेप से किसानों में संतोष का भाव देखा गया।



### संबंधित अधिकारियों को दिए गए समाधान के निर्देश

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की विभिन्न समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, संयुक्त कलेक्टर एस.आर. सोलंकी, रमेश खतेड़िया सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

ग्राम दोगलिया निवासी मीराबाई ने कलेक्टर को बताया कि उसका विद्युत मीटर जल गया है और नए मीटर के अभाव में बिजली बिल अत्यधिक आ रहा है। इस पर कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को शीघ्र नया मीटर लगाने के निर्देश दिए। ग्राम निहालवाड़ी निवासी सुमित ने बताया कि उसका आधार पंजीयन नहीं हो पा रहा है। कलेक्टर ने ई-गवर्नेंस प्रबंधक को समस्या का समाधान कर पंजीयन पूर्ण कराने को कहा। रामसेतुपुरम कॉलोनी के नागरिकों ने बताया कि कॉलोनाइजर ने गलत जानकारी देकर प्लॉट बेचे हैं, जिससे उन्हें बिजली, पानी, ड्रेनेज और मार्ग जैसी मूलभूत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त और एसडीएम खंडवा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम बिजोरा निवासी रामलाल ने बताया कि उसका प्रधानमंत्री आवास निर्माण पूर्ण हो चुका है, लेकिन उसे मजदूरी की राशि नहीं मिली है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के सीईओ को शेष राशि का शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्रस्तुत हर समस्या पर कलेक्टर ने तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा।



## जबलपुर संभाग ने 5-0 से नर्मदापुरम संभाग को हराकर जीता खिताब

### राज्य स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल





**हरदा।** नेहरू स्टेडियम में सोमवार को राज्य स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। 17 वर्ष बालिका वर्ग में जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग की टीमें आमने-सामने थीं। जबलपुर संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नर्मदापुरम संभाग को 5-0 से हराकर विजेता का खिताब जीता। जबलपुर की खिलाड़ी तेजस्विनी मरावी ने अकेले तीन गोल दागे। नर्मदापुरम संभाग उपविजेता रहा, जबकि भोपाल संभाग ने तीसरा स्थान हासिल किया। फाइनल मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी रामनिवास जाट ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डी एस रघुवंशी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सहायक संचालक बलवंत पटेल, लोक शिक्षण संचालनालय के पर्यवेक्षक अजीत पाल गिल और शलकान्त बहादुर मौजूद रहे। विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समन्वयक सलमा खान, हिना अली और मोनिका मेहता समेत कई अधिकारी और कोच मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष मालवीय और गोकुल गौर ने किया।

## कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दी सलाह



**खंडवा।** स्थानीय होली स्पिरिट स्कूल में मंगलवार को मध्यप्रदेश पुलिस के नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें, क्योंकि यह तन, मन और धन तीनों के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के साथ-साथ सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग से भी दूरी बनाए रखें और पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें। कलेक्टर ने कहा कि जो व्यक्ति एक बार नशे के संपर्क में आता है, वह उसके जाल में फंसता चला जाता है। उन्होंने शिक्षकों और परिजनों से आग्रह किया कि अगर बच्चों के व्यवहार में कोई बदलाव दिखाई दे तो तुरंत सतर्क हो जाएं और बच्चों से संवाद कर उनकी समस्या का समाधान करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि नशे के जाल में फंसे व्यक्ति को इस दुष्चक्र से निकालना बहुत कठिन होता है। कई परिवार नशे की लत के कारण बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि यदि किसी को ड्रग्स बेचने की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागार्जुन बी. गौड़ा ने भी विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की समझाइश दी।

### दो ऐसी ही घटनाओं के बाद पैदल मार्च का तीसरा पड़ाव कहां होगा? कवायदों का दौर जारी

# आखिर छात्र-छात्राओं को क्यों उतरना पड़ रहा है सड़क पर?

### फॉलोअपः मामला आश्रम की छात्राओं के पैदल मार्च का

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

आखिर छात्र-छात्राओं को सड़कों पर क्यों उतरना पड़ रहा है.? क्या कलेक्टर के क्षेत्राधिकार में ही उनकी समस्याओं का समाधान होता है और वे पैदल मार्च के लिए विवश हो रहे हैं। पहले एकलव्य विद्यालय फिर कन्या आश्रम और अब तीसरा पड़ाव कहां होगा.? यह सवाल प्रशासन और जनमानस को विचलित कर रहा है। सोमवार को प्रमुख अधिकारियों ने कस्तूरबा गांधी आश्रम में भी छात्राओं के साथ मुलाक़ात को इसी परिपेक्ष्य में देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि शासकीय कन्या आश्रम की छात्राओं की नाराजगी उस समय दूर हुई जब अधीक्षिका संगीता जायसवाल का निलंबन आदेश सोशल मीडिया पर बहुप्रसारित किया गया। कलेक्टर भव्या मित्तल सम्पूर्ण घटनाक्रम को लेकर सतत संपर्क में रहीं और तत्काल ही उक्त आशय के निर्देश दिए। शिवना मार्ग के साका गांव तक पहुंची छात्राएं अधीक्षिका के निलंबन और उन्हें हटाने से कम में कोई बात मानने को तैयार नहीं थीं। इसके पूर्व तक सहायक आयुक्त अब्दुल आदिल और एसडीएम आकांक्षा अग्रवाल एवं अन्य अधिकारियों की मान-मनुहार भी कोई काम नहीं आ रही थी।



#### चिंगारी को सुलगने का था इंतजार

इस घटना की इबारत उस समय लिखी जा चुकी थी, जब आश्रम की अधीक्षिका रीमा-प्रकाश चौहान को हटाकर संगीता जायसवाल को उक्त पद सौंपा गया था। इस फेरबदल को लेकर व्यापक-प्रतिक्रियाएं हो रही थी और भविष्य की घटनाओं को लेकर कवायदों का दौर शुरू हो गया था। लेकिन परदे के पीछे उपरी-स्तरों पर लिखी जा रही कहानी का अंत ऐसे होगा.? यह कोई अनपेक्षित नहीं था। दर असल दरअसल, शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी घटनाओं की कल्पना भी सोच से परे थी और अपने भावी सपने बुन रहे नौनिहाल इस कदर सड़कों पर उतरने के लिए बाहोंगे.? यह सवाल व्यापक-चिंतन के लिए सभी के बीच मौजूद है।

#### अब अगले पड़ाव का इंतजार

विदित है कि कस्तूरबा आश्रम आभापुरी की अधीक्षका ललिता आर्य को हटाकर गंगराड़े को पदस्थ किया गया था। कन्या आश्रम का मामला शांत होने पर सहायक आयुक्त इकबाल आदिल और एसडीएम आकांक्षा अग्रवाल उक्त आश्रम में पहुंचे और उनके साथ करीब दो घंटे से अधिक समय बिताया। उन्होंने उनके भोजन का निरीक्षण किया और स्वाद भी चखा। इस बीच छात्राओं ने वहां पदस्थ अधीक्षक रंजना गंगराडे को भी हटाने की अपनी मंशा जाहिर कर दी। अधिकारयों ने उनकी एक-एक समस्या को ध्यान से सुना और निराकरण का आश्वासन दिया। फिलहाल सतही तौर पर छात्राएं संतुष्ट हो गई हैं, लेकिन आगे क्या होगा ? यह भविष्य के गर्त में है।

#### इनका कहना है...

शासकीय कन्या आश्रम की अधीक्षक को निलंबित करने के बाद दूसरी अधीक्षिका की नियुक्ति शीघ्र होगी। मैं और एसडीम सोमवार को दो घंटे कस्तूरबा आश्रम में छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्हें प्राथमिकता से हल किया जाएगा।

**इकबाल आदिल, सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास खरगोन**